भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न

भरतपुर (निस)। भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को हुआ चुनाव शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो गया। भरतपुर में करीब 53 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। भरतपुर लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा क्षेत्र से कहीं से कोई अप्रिय घटना सुनने को नहीं मिली। इस चुनाव में दो ग्राम पंचायतों डीग विधानसभा क्षेत्र के इकलेरा गांव एवं रूपवास क्षेत्र के गांव खेरिया बिलोच बूथ के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर मतदान का बहिष्कार भी किया। जिसमें करीब छ घंटे की समझाइस के बाद प्रशासन की ओर से बडी मशक्कत करने के बाद बूथ संख्या 264 पर एक बजे के बाद मतदान शुरू हो सका। मतदान के दौरान भरतपुर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के अनेंक बूथों पर ईवीएम मशीन खराब होने की वजह से मतदान कुछ समय तक बाधित रहा। भरतपुर शहर के जवाहर नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर के बूथ संख्या 122 पर निर्धारित समय सात बजे से मतदान शुरू नहीं हो सका करीब पौन घंटे के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी तक शिकायत पंहुचने के बाद मतदान शुरू हो सका।

रूपवास क्षेत्र के ग्राम पंचायत खेरिया बिलोच के बूथ संख्या दो सौ चौसठ पर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि शराब के ठेके को गांव से जब तक नही हटाया जाएगा। तब तक वे मतदान नहीं करेंगे। मतदान नहीं करने को लेकर प्रशासन में हडकम्प मच गया।

समझाइस के लिए प्रशासनिक अधिकारी पंहुचे। लेकिन छ घंटे तक समझाइस करने और कडी मशक्कत करने के बाद शराब का ठेका आश्वासन मिलनके बाद ग्रामीण सहमत हुए और छ घंटे बाद यानि एक बजे के बाद बूथ संख्या 264 पर मतदान शुरू हो सका। इसी प्रकार डीग विधानसभा के गांव इकलेरा गांव के ग्रामीणों ने तीन घरों में हुई चोरी का खुलासा पुलिस द्वारा नहीं किए जाने से नाराज होकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी इकलेरा पंहुचे जहां एक घंटे की समझाइस के बाद कार्यवाही का आश्वासन देने के बाद ग्रामीण मतदान करने के लिए माने और मतदान शुरू हो सका।



भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को हुआ चुनाव शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो गया।

रंगोली सजा कर मतदान करने की दिलाई शपथ

गंगापुर सिटी । लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से जिला परिषद गंगापुर सिटी कार्यालय में सतरंगी सप्ताह ?के तहतकार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गंगापुर सिटी शैलेन्द्र सिंह ने मतदान करने की शपथ दिलाइ। इस दौरान महिलाओं ने अंगुली पर निशान राष्ट्र् के नाम थीम पर पोस्टर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजन में मतदाताओं ने विशेष उत्साह दिखाया। इस मौके पर आंगनबाडी कार्यकर्ता और महिला मतदाताओं ने? महिला सुपरवाइजर कविता अग्रवाल, कमलेश वर्मा, बबीता अग्रवाल के निर्देश में खूबसूरत रंगोली बनाई। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेशचंद मीना के निर्देश में विभिन्न राजकीय स्कूलों में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने मतदान संबंधी स्लोगन पर मेंहदी रचाई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2०24 की तैयारियों के तहत इन रोचक कार्यक्रमों के जरिए आम मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया? कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान करें। साथ ही सभी से लोकतंत्र के इस पर्व में अधिक से अधिक संख्या में अपना योगदान देने की अपील की गई।

सूरौठ में 10602 में से 4970 मतदाताओं ने डाले मत

सूरौठ । लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत शुक्रवार को कस्बे में हुए मतदान में वोटरों ने काफी कम उत्साह दिखाया है जिला निर्वाचन अधिकारी करौली निलांभ सक्सेना द्वारा पहली बार वोट डालनें वाले मतदाता,व सबसे उम्रदराज के मतदाताओं को के प्रमाण पत्रों को बीएलओ द्वारा मतदाताओं को सौंपे,सूरौठ कस्बे के तीनों केंद्रों में 10602 में से 4970 लोगों ने अपने मत डालेंसूरौठ अग्रवाल समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष जयप्रकाश गोयल के पुत्र चिराग गोयल ने 18 वर्ष अपनी पूर्ण करने के पश्चात् पहली बार लोकसभा का पहला मत का किया प्रयोग खुशी जाहिर कि व सूरौठ कस्बे कि सबसे उम्रदराज 101 वर्षीय महिला बत्तोबाई मीना ने अपने पुत्र विश्राम मीणा के साथ अपने मत का किया प्रयोग जिला निर्वाचन अधिकारी करौली निलांभ सक्सेना के सम्माननीय मतदाताओं कि श्रेणी के प्रमाण पत्र कों बीएलओ अजीत सिंह चौधरी, हरिमोहन पुष्पद व पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत ने लोगों को सौंपे प्रमाण पत्र , सूरौठ कस्बे के बूथ संख्या 118 पर 1369 मतों में से 478 वोट डालें 34.91 प्रतिशत,119 बूथ पर 1277 में से 687 मत डालें 53.80 प्रतिशत 120 बूथ पर 1276 में से 646 मत डालें

सार-समाचार

मतदान से वंचित रहे वृद्ध मतदाता

करौली (नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय पर ऐसे कई मतदाता दिखाई दिए जो वृद्ध है उन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान नहीं की गई ना ही परिवारजन उन्हें मतदान केंद्र तक ले जा सके। करौली धौलपुर लोकसभा संसदीय सीट के लिए शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ जिला निर्वाचन विभाग की ओर से बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र के वृद्ध मतदाताओं की सूची तैयार कर उन्हें होम वोटिंग की सुविधा का लाभ दिलाये लेकिन बूथ लेवल अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही के चलते 90 से 100 वर्ष तक की उम्र के कई मतदाता मतदान करने से वंचित रह गए। उन्हें होम वोटिंग की सुविधा नहीं मिल पाई और बूथ लेवल अधिकारी मतदान केन्द्रो पर आकर मतदान करने की स्लिप दे गए ऐसा ही एक मामला करौली शहर के चोर खिड़कियां क्षेत्र में मिला जहां करीब 95 वर्षीय एक वृद्ध रामचरण लाल पुत्र छोटेलाल को होम वोटिंग की सुविधा नहीं मिली। यही नहीं बूथ लेवल अधिकारी उन्हें मतदान केंद्र पर आकर मतदान करने की स्लिप दे गए लेकिन परिवारजन वृद्ध की गंभीर स्थिति को देखते हुए मतदान करने के लिए मतदान केंद्र तक नहीं ले गए इसके अलावा कई अन्य वृद्ध लोग भी थे जो मतदान करने से वंचित रह गए।

रिर्जेवेशन टिकिट की सुविधा शुरू

गंगापुर सिटी। गंगापुर सिटी-दौसा रेलवे लाइन पर अब यात्रियों को बामनवास व लालसोट रेलवे स्टेशन पर जनरल टिकट के साथ रिजर्वेशन टिकट की सुविधा भी शुरू हो गई है। यह सुविधा शुरू होने से लोगों को लंबी दूरी की ट्रेन के टिकट रिजर्वेशन के लिए गंगापुर सिटी व दौसा के चक्कर नहीं काटने पडेगे। रेलवे सूत्रों के अनुसार दौसा गंगापुर रेल लाइन के रेलवे स्टेशन नांगल राजावतान, डिडवाना, बिनौरी, पिपलाई व उदेईकलां कुल 5 हॉल्ट रेलवे स्टेशन है। जहां के यात्री गार्ड से टिकट ले सकते हैं। गंगापुर सिटी-दौसा रेलवे लाइन पर ट्रेन चलती रहे, इसके लिए रेलवे को राजस्व मिलना आवश्यक है। ऐसे में यात्रियों को टिकट लेकर ही यात्रा करने की जरूरत है।

मतदान का प्रथम चरण शांतिपूर्ण सम्पन्न

गंगापुर सिटी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आमचुनाव 2024 का प्रथम चरण निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। जिले में करौली-धोलपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए टोडाभीम-नादौती क्षेत्र में आमचुनाव 2०24 की जमीनी स्तर पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी एवं पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने सुबह से देर शाम मतदान समाप्ती तक दिन भर सम्पूर्ण जिले का दौरा कर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और निर्वाचन आयोग की मुहिम को जिले में सफल बनाया है। इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भयग्रस्त, संवेदनशील व अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर माकूल कानून एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की क्रियान्विति को सुनिश्चित किया गया। साथ ही मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। वहीं टोडाभीम में वेबकास्टिंग केन्द्र का भी निरीक्षण किया और जहां टोडाभीम-नादौती क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों से की जा रही वेबकास्टिंग के माध्यम से पोलिंग व्यवस्थाओं को भी गहनता से देखा। जिला कलक्टर ने बताया कि टोडाभीम-नादौती क्षेत्र में राउंड 1 के दौरान प्रात: 9 बजे तक 7.82 प्रतिशत, राउंड 2 के दौरान प्रात: 11 बजे तक 17.5 प्रतिशत वहीं दोपहर 1 बजे तक राउंड 3 के दौरान 25.79प्रतिशत, राउंड 4 के दौरान अपरान्ह 3 बजे तक 31.०6 प्रतिशत, इसी प्रकार सांय 5 बजे तक राउंड 5 के दौरान 39.22 प्रतिशत मतदान हुआ।

उम्र एवं असमर्थता पर भारी लोकतंत्र का जूनुन

भरतपुर। जिले के विभिन्न पिंक, ग्रीन, यूथ, दिव्यांग मैनेजड मतदान बूथों पर बड़े ही उत्साह के साथ पहुंचे वृद्धजनों, फर्स्ट वोटर, दिव्यांगजन एवं महिला मतदाताओं ने मतदान करने के साथ ही बड़ी ही खुशी से सेल्फी पॉइन्ट पर अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए सेल्फी भी खिंचवाई। शहर के जिला परिषद भवन स्थित पिंक मतदान केन्द्र पर मीना कुमारी, मुन्नी बाई एवं चन्द्रावती ने वोट डालकर लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता निभाई। डीग-कुम्हेर के ग्राम तालफरा में 68 वर्षीय चलने में असमर्थ सुखदेव सिंह अपने बच्चों के सहारे वोट डालने पहुंचकर वोट की कीमत बताई। इसी प्रकार फौजीपुरा ग्राम पंचायत दीवाली में मतदान केन्द्र पर पहली बार वोट डालने पहुँची दीक्षा, भावना एवं प्रियंका ने कहा कि चुनाव में सहभागिता निभाकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। भरतपुर निवासी कुमारी अग्रिमा पहली बार वोट डालने के लिए मण्डी हिमाचल से मतदान केन्द्र सुरजीत स्कूल पहुँची व अपना अमूल्य मत दिया।

85 वर्षीय बुजुर्ग ने किया मतदान

हिण्डौन सिटी। करौली- धौलपुर लोकसभा क्षेत्र के हिंडौन सिटी में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता का एक ऐसा नजारा देखने को मिला जहां 85 वर्षीय बीमार बुजुर्ग को उनके परिजन वोट डलवाने के लिए मतदान केंद्र पर गोद में उठाकर ले गएजानकारी के अनुसार हिंडौन सिटी के जाट की सराय क्षेत्र में रहने वाले पूर्व पार्षद विजय सिंह वर्मा पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे है, जिनका जयपुर के एक अस्पताल में उपचार चल रहा था। पिछले दिनों जयपुर से उपचार करा कर उनके परिजन उन्हें हिंडौन लेकर आए। शुक्रवार को लोकसभा के चुनाव में बुजुर्ग की स्थिति मतदान केंद्र तक पहुंचाने की नहीं थी, लेकिन उनकी इच्छा वोट डालने की थी। जिस पर उनके परिजन बुजुर्ग को मतदान केंद्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर हिंडौन लेकर पहुंचे तथा मतदान करवाया।

लायंस क्लब, भरतपुर की नई टीम का गठन

भरतपुर। लायंस क्लब, भरतपुर के द्वारा 01 जुलाई से प्रारंभ सत्र 2024-25 हेतु क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्लब प्रेसीडेन्ट लायन विनोद कुमार मंगल ने बताया कि नवीन सत्र की कार्यकारिणी गठन हेतु एक नोमीनेशन कमेटी लायन डॉ पी.आर. जिन्दल की अध्यक्षता में बनाई गई थी। जिसमें सदस्य के रूप में लायन जे.पी.अग्रवाल, लायन नृपेश आर्य, लायन शिवशंकर बंसल एवं लायन महेन्द्र गोठी शामिल थे। इस कमेटी की रिपोर्ट चेयरपर्सन डॉ पी.आर.जिन्दल द्वारा क्लब की जनरल मीटिंग में पढ़ी गई एवं सदन द्वारा करतल ध्वनि से स्वीकृत की गई। नवीन सत्र हेतु लायन लक्ष्मण पाठक अध्यक्ष, लायन जितेन्द्र अग्रवाल सचिव, लायन रजत आर्य कोषाध्यक्ष एवं लायन डॉ पी.आर. जिन्दल को क्लब एडमिनिस्ट्रेटर तथा लायन सीमा मंगल को क्लब की कल्चरल एक्टीविटी कमेटी चेयरपर्सन बनाया गया। सभी का माला दुपट्टा से अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम को प्रेसीडेन्ट लायन विनोद कुमार मंगल की अध्यक्षता में किया गया। प्रारम्भ में गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पश्चात् प्रेसीडेन्ट ने सभा प्रारंभ की घोषणा की।

ध्वज वंदना एवं विश्व शांति हेतु प्रार्थना व राष्ट्रगान नवीन सदस्या लायन नमिता व्यास द्वारा कराया गया। तत्पश्चात् प्रेसीडेन्ट ने सभी का अभिनन्दन किया और क्लब सदस्य लायन कृष्ण मुरारी अग्रवाल के चैम्बर ऑफ कॉमर्स भरतपुर के प्रेसीडेन्ट बनने पर उनका शॉल उढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया।

जिला कलेक्टर ने किया मतदान

भरतपुर। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने जिला परिषद भवन बनाये गये पिंक बूथ संख्या 175 पर वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा सेल्फी पॉइन्ट पर फोटो खिचवाये। उन्होंने मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करते हुए लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

मतदाताओं में उत्साह

भरतपुर। लोकतंत्र के महापर्व में वृद्ध महिलाओं, युवाओं के साथ ही दुल्हा और बारातियों में भी मतदान के प्रति उत्साह देखा गया।

अल सुबह ही मतदान केन्द्रों पर मतदाता उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे। प्रात:काल के समय से ही मतदान केन्द्रों पर हर आयुवर्ग के मतदाता पहुँचे।

जिला कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण'

डीग (निस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से शुक्रवार को डीग जिले में सम्पन्न हुए। जिले में जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी, भयमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने सुबह से देर शाम मतदान समाप्ती तक दिन भर सम्पूर्ण जिले का दौरा कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और निर्वाचन आयोग की मुहिम को जिले में सफल बनाया। इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कुल 24 से अधिक भयग्रस्त, संवेदनशील व अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया और जमीनी स्तर पर कानून एवं आधारभूत व्यवस्थाओं क्रियान्विति को सुनिश्चित किया गया।

इनमे नगर विधानसभा क्षेत्र के पाँनहोरी, जनूथर, नगर, सीकरी, कामां विधानसभा क्षेत्र के गोपालगढ़, पहाड़ी, सतवास, कामाँ, जुरहरा एवं डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के डीग, अऊ, कुम्हेर शामिल हैं।

प्रात: 9 बजे तक डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में 8 31, कामां विधानसभा क्षेत्र में 10.5 एवं नगर विधानसभा क्षेत्र में 9.85 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिला कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, 87 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

गंगापुर सिटी। भगवान महावीर जयंती के अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन के आ ान पर शुक्रवार को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी द्वारा वर्धमान हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बढ चढकर रक्त वीरों ने भाग लिया। इस दौरान 87 रक्त वीरों ने अपने बहुमूल्य रक्त को मानव जीवन सेवार्थ दान किया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के प्रवक्ता नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद सभापति शिव रतन अग्रवाल, ग्रुप के अध्यक्ष विमल विध्या जैन गोधा, महामंत्री डॉ मनोज सुलेखा जैन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की महिला प्रभारी मोनिका जैन आदि ने भगवान महावीर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके की। स्थानीय सी पी हॉस्पिटल ब्लड बैंक द्वारा इस अवसर पर रक्त का संग्रहण किया गया। ग्रुप के अध्यक्ष विमल जैन गोधा एवं महामंत्री डॉक्टर मनोज जैन ने बताया कि आज रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त सी पी हॉस्पिटल ब्लड बैंक में जरूरतमंद के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। रक्तदान शिविर में ग्रुप के महामंत्री एवं वर्धमान हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनोज जैन ने अपने अस्पताल के दर्जनों कर्मचारियों के साथ-साथ रक्तदान किया। इस दौरान डा. सुलेखा जैन, डॉक्टर क्षितिज गुप्ता व कई जाने-माने चिकित्सक भी रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की जांच करते रहे एवं रक्तदान के लिए उन्हें प्रेरित करते रहे। शिविर में अतिथि के रूप में शहर के जाने-माने समाजसेवी सी एल सैनी, प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन के अध्यक्ष दीपक नरूका, अशोक जौनपुरिया, अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई की अध्यक्ष रीना पल्लीवाल, वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के सहायक मंडल मंत्री राजू लाल गुर्जर, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के पी सी मीणा आदि ने शिविर में शिरकत की। ग्रुप के पदाधिकारीयों द्वारा सभी अतिथियों का एवं रक्तदाताओं का माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर के स्वागत सम्मान किया गया।

होम वोटिंग का द्वितीय चरण 22 व 23 अप्रेल को

गंगापुर सिटी । लोकसभा आम चुनाव 2०24 के तहत निर्वाचन विभाग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 4० प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन पात्र मतदाताओं की लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से होम वोटिंग का द्वितीय चरण 22 एवं 23 अप्रैल 2024 को होगा।

प्रभारी अधिकारी पीबी सेल एवं उपखंड अधिकारी मलारना डूंगर बद्रीनारायण ने बताया कि होम वोटिंग के प्रथम चरण में शेष रहे मतदाताओं को निर्वाचन विभाग की एसओपी के अनुसार मतदान करवाना है। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के प्रथम चरण में शेष रहे।

किड्स किकेट लीग सीजन-7 का शुभारंभ

गंगापुर सिटी। नई दिशा सोसाइटी क तत्वाधान में होने वाली किड्स क्रिकेट लीग का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्म अवकाश में किया जा रहा है। इस बार आयोजकों द्वारा प्रतियोगिता को एक बडे स्केल पर किया जा रहा है। अत: इस कारण से पहली बार इस कार्यक्रम के सीजन-7 में आठ टीम भाग लेंगी। कार्यक्रम के संयोजक सोमदत्त शर्मा व लोकेश सोगानी रहेंगे।

संयोजकों द्वारा बताया गया कि टूर्नामेंट के अंदर गंगापुर हीरोज, रॉयल जीजीसी, जीजीसी सुपरकिंग्स, जीजीसी नाइट राइडर्स, जीजीसी वॉरियर्स, रॉयल चैलेंजर्स, जीजीसी स्टार्स तथा जीजीसी जिओ की टीमें रहेंगी और यह टूर्नामेंट लीग टूर्नामेंट होगा। गंगापुर हीरोज के कोच मनीष शर्मा व डॉक्टर डीसी शर्मा तथा रॉयल जीजीसी के कोच मोहित नरूका व आबिद खान तथा जीजीसी सुपरकिंग्स के कोच सुरेंद्र मित्तल व वैभव दुबे तथा जीजीसी नाइट राइडर्स के कोच आनंद पैंगोरिया व दिवाकर शर्मा तथा जीजीसी वॉरियर्स के कोच विजय सैनी व रवि सोनी तथा रॉयल चैलेंजर्स के कोच विशाल दुबे व सोनू शर्मा तथा जीजीसी स्टार्स तारा के कोच रजनीश उपाध्याय, शकील व शाकीर अली तथा जीजीसी जिओ के कोच रविंद्र रंगा व दीपक मीणा घोषित किए गए हैं।

संयोजकों द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के अंदर संरक्षण मंडल में लक्ष्मी नारायण गोयल, अनुराग शर्मा, आलोक मालधनी, मनीष जैन, शालु जैन को रखा गया है। इस लीग में हिस्सा लेने वाली बच्चों की अधिकतम आयु सीमा 14 वर्ष रखी गई है।

हिंडौन में 50 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग

हिंडौन सिटी। लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सरकार की ओर से किए गए सभी प्रयास ना काफी साबित हुए। जिसके चलते लगभग 50 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मतदान बूथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया जो पिछले लोकसभा चुनाव से भी कम था। इधर पूरे लोकसभा क्षेत्र में भी केवल 49.29 मतदाता ही मतदान का प्रयोग कर पाए थे। जो पिछले मतदान से लगभग 6 प्रतिशत कम रहा।

उल्लेखनीय है कि पूरे देश भर में 18 वीं लोकसभा के लिए शुरू हुए मतदान के पहले चरण में शुक्रवार को प्रदेश के 12 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ है। जिसमें करौली-धौलपुर लोकसभा सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा की इंदु देवी और कांग्रेस के भजनलाल में आमने-सामने की टक्कर मानी जा रही है । इस लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम चला कर मतदाताओं को खूब जागरूक करने का प्रयास किया। चुनाव से जुड़े कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। जिसमें रेलिया का आयोजन के अलावा मतदाताओं को प्रमाण पत्र देने सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके बावजूद भी सुबह से ही मतदान बूथों पर मतदाताओं की कोई खास भीड़भाड़ नहीं देखी गई। जहां मतदान बूथ पर लंबी कतारों की बजाय मतदान बूथ सुने देखे गए । चुनाव कार्याल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हिंडौन विधानसभा क्षेत्र में सुबह 9:00 बजे तक 9.60 प्रतिशत मतदान हुआ तो वहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में 9.71 मतदाता मतदान बूथ पहुंचे। इसी तरह दोपहर 11:00 बजे तक मतदान का प्रतिशत लगभग 11 बढ़ गया और विधानसभा क्षेत्र में 20.11 प्रतिशत मतदान हुआ तो वही पूरे लोकसभा क्षेत्र में 18.74 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे तक फिर लगभग 8 मतदान बड़ा जो हिंडौन विधानसभा क्षेत्र में 28.81 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया तो वहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में 28. 32 मतदाता मतदान बूथ पर पहुंचे। इसके बाद दोपहर 3:00 बजे तक केवल पांच प्रतिशत मतदान बढ़कर के हिंडौन में 33. 96 मतदाताओं ने मतदान किया तो वहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में 33.86 मतदान हुआ । शाम 5:00 बजे तक फिर 5 मतदान बढ़ता हुआ हिंडौन विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 42.14 पहुंच गया तो वहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में 42.53 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग कर लिया । मतदान बंद होने तक हिंडौन विधानसभा क्षेत्र में 50 प्रतिशत मतदान हुआ तो वही पूरे लोकसभा क्षेत्र में 49.29 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जो 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले लगभग 6 प्रतिशत कम रहा।

इस तरह चुनाव की अपेक्षा यह मतदान काफी कम रहा और चुनाव आयोग की ओर से मतदान प्रतिशत के लिए चलाया गया शिव कार्यक्रम काफी साबित रहा । चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 2014 में 54. 62 लोगों ने मतदान किया तो वहीं 2019 में 55. 12 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए थे।

लोकसभा चुनाव में लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया।

मतदान बूथ पर पहुंचे मतदाताओं को प्रदान किए प्रमाण-पत्र

मतदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गये।

हिंडौन सिटी। लोकतंत्र की मजबूती के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य निर्वाचन विभाग की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान करने की एक नई पहल की। जिसने मतदाओं को काफी प्रभावित किया।

उल्लेखनीय के मतदाता लोकतंत्र का आधार स्तंभ है लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका और महत्व को आमजन को समझने के लिए एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीप कार्यक्रम चलाए गए जिसमें बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर नए मतदाताओं के आवेदन भरवाने से लेकर के उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं रैली निकालकर लाउडस्पीकर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया। इसी के तहत इस लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से एक नई पहल की गई। जिसमें पहली बार मतदान बूथ पर पहुंचने वाले मतदाताओं को प्रमाण पत्र पूरे सम्मान के साथ प्रदान किए गए ।

इस कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत खेड़ा जमालपुर के गांव खेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मतदान केंद्र पर बीएलओ भगत सिंह, फारूक अहमद, ग्राम विकास अधिकारी वीर सिंह, ममता शर्मा, कल्लो बाई मीणा आदि कर्मचारियों ने मतदान बूथ पर पहली बार मतदान करने के लिए पहुंची अपेक्षा सारस्वत पुत्री देवी सहाय गणेश मीणा पुत्र सुगर सिंह, लकी जाटव, विशाखा जांगिड़, राघवेंद्र सिंह, रेखा , सुपिता, युगल किशोर नापित सहित लगभग तीन दर्जन से अधिक मतदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

99 साल की उम्र के पूर्व सांसद रामकिशन ने किया मतदान

भरतपुर। भरतपुर में मतदान के प्रति अपने उत्साह दिखाते हुए 99 साल की उम्र में जयपुर से वोट डालने के लिए पूर्व सांसद पंडित रामकिशन भरतपुर आए।

उन्होंने शाम 5 बजे कामसेन धर्मशाला में पंहुचकर अपना मतदान किया। उन्होंने घर से मतदान न कर, केंद्र पर जाकर मत देने का विकल्प चुना। चुनाव आयोग ने 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को घर मतदान का विकल्प दिया था। लेकिन पण्डित रामकिशन इस उम्र में भी मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने के विकल्प पर सहमत हुए। पंडित रामकिशन सन 1952 से ही मतदान कर रहे हैं।

भरतपुर से एक बार सांसद और चार बार विधायक रहे हैं। मतदान केंद्र पर पंडित रामकिशन ने कहा भारत का मतदाता अपनी स्वायत्तता की अभिव्यक्ति सत्ता की संवेदनहीनता और घमंड के खिलाफ करता आ रहा है।

पंडित रामकिशन घुटनों के प्रत्यारोपण की विश्व रिकॉर्ड के दावेदार भी हैं। उन्होंने ने 97 की उम्र में अपना घुटना बदलवाया। वो ईआरसीएपी आंदोलन के जनक भी माने जाते हैं।